लोक शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

गौतम नगर भोपाल-462023

क्रमांक / अतिथि शिक्षक / 2026–27 / 67 भोपाल, दिनांक 16-11-2026

प्रति

1. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक म.प्र.।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी म.प्र.।
3. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी म.प्र.।
4. समस्त संकुल प्राचार्य हायर/हायर सेकेंडरी स्कूल मध्यप्रदेश।

विषयः- अतिथि शिक्षक अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में।

संदर्भः- 1. संचालनालय का पत्र क्र./ 620–621 भोपाल दिनांक 15.06.2026 ।

2. संचालनालय का पत्र क्र./ 33–34 भोपाल दिनांक 16.09.2026 ।

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र अनुसार शासकीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य कर चुके आवेदकों के अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए थे।

उक्त परिप्रेक्ष्य में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अवगत कराया गया है, कि पोर्टल 3.0 पर पंजीयन नहीं होने से कार्यरत अवधि का अनुभव क्लेम नहीं हो पा रहा है, जिससे अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहा है। आवेदकों के अभ्यावेदन के आधार पर शासकीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य कर चुके आवेदकों के अनुभव प्रमाण पत्र जारी हो सके इस हेतु ऐसे आवेदक जिनका पोर्टल 2.0 पर पंजीयन है तथा पोर्टल 3.0 पर पंजीयन नहीं करा सके है। ऐसे आवेदक पोर्टल 3.0 पर पंजीयन दिनांक 17.11.2026 से पंजीयन कर सकेंगे। पंजीयन उपरांत पोर्टल 3.0 की अतिथि शिक्षक ID एवं पासवर्ड जनरेट होगा। आवेदक पोर्टल 3.0 की ID पासवर्ड का उपयोग कर निर्धारित प्रकिया अनुसार अनुभव क्लेम की कार्यवाही कर सकेंगे।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

संचालक

लोक शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृ. क्र./ अतिथि शिक्षक / 2026–27 / 68 भोपाल, दिनांक 16-11-2026

प्रतिलिपिः-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.।
2. सचिव म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.।
3. संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल।
4. महाप्रबंधक निक्सी , सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।
5. कलेक्टर समस्त जिले मध्यप्रदेश।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत समस्त जिले।

संचालक

लोक शिक्षा, मध्यप्रदेश

Scanned with OKEN Scanner